मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm- 364
27/10/2024

# मुख्यमंत्री ने छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर सड़क मार्ग से विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण

पटना, 27 अक्टूबर 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारियों को लेकर सड़क मार्ग से विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान जे0पी0 गंगा पथ से होते हुए दीघा के पाटीपुल घाट, जे0पी0 सेतु पश्चिमी घाट, जे0पी0 सेतु घाट, पहलवान घाट, एल0सी0टी0 घाट, कलेक्ट्रेट घाट एवं कृष्णा घाट का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने दीघा के पाटीपुल घाट पर रुककर वहां की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये हर प्रकार से छठ घाटों को तैयार करायें। छठ व्रती सुगमतापूर्वक गंगा नदी के छठ घाटों तक आवागमन कर सकें, इसे ध्यान में रखते हुये रास्तों को दुरूस्त करायें। छठ व्रतियों को अर्घ्य देने में कोई परेशानी न हो, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। छठ व्रतियों की सुरक्षा के साथ–साथ उनकी सुविधाओं का विशेष ख्याल रखें ताकि उन्हें अर्घ्य देने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

******